श्रमिक कल्याण समिति का प्रतिवेदन

5131. **श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
श्री रामगोपाल शालवाले :
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री बृज भूषण लाल :
श्री रणजीत सिंह :
श्री सूरज भान :
श्री के० एम० अब्राहम :
श्री मुहम्मद इस्माइल :
श्री गणेश घोष :
श्री सत्य नारायण सिंह :
श्री शशि भूषण :
श्री धीरेश्वर कलिता :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1966 में स्थापित की गई श्रमिक कल्याण समिति का प्रतिवेदन इस बीच प्राप्त हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद): (क) जी हां ।

(ख) श्रम कल्याण सम्बन्धी समिति की रिपोर्ट की प्रतियां संसद के पुस्तकालय में उपलब्ध हैं । समिति की सिफारिशों का सार रिपोर्ट के खण्ड 3 में किया गया है । ये सिफारिशें राष्ट्रीय श्रम आयोग के पास भेजी गई हैं और इन पर निर्णय आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होने और उस पर विचार किए जाने के
[illegible] ा जायगा ।

(ग) प्रश्न प्रश्न नहीं उठता ।

मोदीनगर के श्रमिक संगठन

5132. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें मोदीनगर के श्रमिक संगठनों के बारे में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) क्या यह सच है कि कई वर्षों तक काम करने के बाद भी मजदूरों को नियमित नहीं किया जाता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि तीन श्रमिक संगठनों के मजदूरों को उन सुविधाओं से भी वंचित रखा जाता है जो मजदूरों को सामान्यत: प्राप्त हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इस बारे में अब तक सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद)
(क) से (घ). यह मामला राज्य के क्षेत्राधिकार में आता है । हमारे पास कोई सूचना नहीं है ।

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में डाकघर

5133. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
श्री हुक्म चन्द कछवाय :
श्री एन० शिवप्पा :
श्री गार्डिलिंगन गोड :

क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में राज्य-वार कितने नए डाकघर खोलने का प्रस्ताव है ;

(ख) क्या यह सच है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचार के साधन अभी तक बहुत ही कम हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या चतुर्थ योजना के सन्दर्भ में इस सम्बन्ध में कोई विशिष्ट निर्णय लिए गए हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में कितने डाकघर खोले जाएंगे, यह संख्या अभी तक निश्चित नहीं की गई है ।

(ख) जी नहीं । देश के ग्रामीण क्षेत्रों में 31-7-1969 को 92994 डाकघर थे जबकि स्वतंत्रता मिलने के समय यह संख्या 18121 थी । कुल डाकघरों में से 90 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में हैं । इस समय ग्रामीण क्षेत्र का प्रत्येक डाकघर औसतन दो मील के घेरे में आने वाले गांवों में डाक सेवा प्रदान करता है । देश में 31-3-69 को तारघरों और सार्वजनिक टेलीफोन घरों की कुल संख्या क्रमशः 10244 और 3011 थी जबकि स्वतंत्रता मिलने के समय यह संख्या क्रमशः 3230 और 230 थी । इन डाकघरों में से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों मे हैं ।

(ग) **डाक**--(क) में दिये गए उत्तर को मद्देनजर रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता ।

तार और टेलीफोन---चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के दौरान देश के खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में 2400 तारघर और 2000 लम्बी दूरी के सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने का प्रस्ताव है ।

नित्यप्रति की घटनाओं के कार्यक्रमों का हिन्दी में तैयार करना

5134. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :** क्या सूचना तथा प्रसारण और संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों से प्रसारित नित्यप्रति की घटनाओं आदि से सम्बन्धित कार्यक्रमों की मूल प्रति हिन्दी में भी तैयार करने का निर्णय किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो ये निर्णय किस तिथि तक क्रियान्वित किये जायेंगे ?

सूचना तथा प्रसारण और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री० इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां ।

(ख) यह साधनों की उपलब्धि पर निर्भर करते हुए उत्तरोत्तर किया जायेगा ।

Development of the Land under Forest

5135. SHRI PREM CHAND VERMA: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the extent of land under forests in India and its percentage of the total area;

(b) the extent of forest area in each State, the percentage of land in each State under cultivation and how much is lying fallow though cultivable and how much of land is uncultivable;

(c) the policy in regard to the development of the forests and how much progress has been been made during the last three years in this regard;

(d) the total income from the forests at present per year and how much progress has been made during the last three years in this regard;

(e) whether any scientific methods have been adopted for the development of the forest and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND CO-OPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): (a) The land area under forests in